मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-363
11/10/2019

मुख्यमंत्री ने लोकनायक जयप्रकाश नारायण जी की जयंती के अवसर पर भावभीनी श्रद्धांजलि दी

पटना, 11 अक्टूबर 2019 :– आज लोकनायक जयप्रकाश नारायण जी की जयंती के अवसर पर आयकर गोलम्बर स्थित प्रतिमा स्थल पर आयोजित राजकीय समारोह में राज्यपाल श्री फागू चौहान एवं मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने लोकनायक जयप्रकाश नारायण जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी।

इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री श्री सुशील कुमार मोदी, उद्योग मंत्री श्री श्याम रजक, बिहार राज्य नागरिक परिषद के पूर्व महासचिव श्री अरविंद कुमार सिंह, जिलाधिकारी श्री कुमार रवि सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

इस अवसर पर सूचना एवं जन–सम्पर्क विभाग के कलाकारों ने आरती–पूजन एवं भजन कीर्तन का गायन किया।

******